भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 2900

गुरूवार, 13 अगस्त, 2026/22 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

बिहार में पर्यटन से संबंधित परियोजनाएं

2900 श्री संजय यादव:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2021 से अब तक, स्वदेश दर्शन, स्वदेश दर्शन 2.0 एवं प्रसाद योजना के अंतर्गत बिहार के लिए संस्वीकृत की गई परियोजनाओं का विषय-वार ब्यौरा क्या है तथा प्रत्येक परियोजना के लिए संस्वीकृत लागत, निर्गत एवं प्रयुक्त की गई निधि तथा पूर्णता की स्थिति क्या है और योजना के कुल परिव्यय में बिहार का कितना हिस्सा है;

(ख) बिहार के बौद्ध सर्किट स्थलों के लिए संस्वीकृत परियोजनाओं तथा उनकी भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, रामायण सर्किट के अंतर्गत सीतामढ़ी स्थित पुनौरा धाम के विकास की वर्तमान स्थिति एवं इसके लिए संस्वीकृत, निर्गत एवं प्रयुक्त की गई निधि तथा पूर्ण किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान बिहार में आने वाले घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों की वर्ष-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन 2.0 की एक उप-योजना और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी मौजूदा केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से बिहार सहित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को सरकारी निर्देशों एवं योजना दिशानिर्देशों के अनुरूप, उनके द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) की प्रस्तुति, निधियों की उपलब्धता, परस्पर प्राथमिकता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है। इसके अतिरिक्त, सृजित परिसंपत्तियों का संचालन एवं प्रबंधन (ओएंडएम) भी संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है।

वर्ष 2016-17 में स्वदेश दर्शन योजना के तहत बिहार में 95.18 करोड़ रु. की एक परियोजना अर्थात, "बौद्ध परिपथ का विकास - बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण" को संस्वीकृत किया गया था, जिसकी भौतिक रूप से पूर्ण होने की सूचना है। इसके अतिरिक्त, बिहार में स्वदेश दर्शन योजना के तहत रामायण परिपथ के अंतर्गत कोई भी परियोजना संस्वीकृत नहीं की गई है।

बिहार राज्य में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी और प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत जारी/प्राधिकृत राशि, उपयोग की गई राशि और भौतिक स्थिति सहित संस्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा प्रदान की गई जानकारी से घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) की संख्या संकलित करता है। पिछले 5 वर्षों के दौरान बिहार राज्य में डीटीवी और एफटीवी इस प्रकार हैं:

		(संख्या में)
वर्ष	**घरेलू पर्यटक यात्राएं**	**विदेशी पर्यटक यात्राएं**
2021	2,501,193	1,046
2022	25,330,364	86,829
2023	81,585,701	546,576
2024	65,463,304	736,720
2025	65,468,527	743,888

स्रोतः बिहार सरकार

*****

अनुबंध

श्री संजय यादव द्वारा बिहार में पर्यटन से संबंधित परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 13.08.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2900 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

(i) बिहार राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत संस्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**संस्वीकृत राशि**	**जारी/प्राधिकृत राशि**	**उपयोग की गई राशि**	**भौतिक स्थिति**
1.	तीर्थंकर 2016-17	वैशाली - आरा - मसाद - पटना - राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास	33.96	29.36	29.36	पूर्ण
2.	आध्यात्मिक 2016-17	कांवरिया मार्ग: सुल्तानगंज - धर्मशाला - देवघर का विकास	44.76	42.17	42.17	पूर्ण
3.	बौद्ध 2016-17	बौद्ध परिपथ का विकास - बोधगया में सम्मेलन केंद्र का निर्माण	95.18	95.18	95.18	पूर्ण
4.	ग्रामीण 2017-18	भितिहरवा - चंद्रहिया - तुर्कौलिया का विकास	44.27	40.31	40.31	पूर्ण
5.	आध्यात्मिक 2017-18	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास	44.55	42.32	42.32	पूर्ण

(ii) बिहार राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत संस्वीकृत परियोजना का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**स्वीकृति वर्ष**	**गंतव्य**	**अनुभव का नाम**	**संस्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि**	**भौतिक स्थिति**
1.	2024-25	बोध गया	बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र का विकास	165.44	16.54	कार्यान्वयन के चरण में

(iii) बिहार राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के अंतर्गत संस्वीकृत परियोजना का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र.सं.	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	श्रेणी	स्वीकृत राशि	उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि	भौतिक स्थिति
1.	2024-25	सोनपुर मेला स्थल का विकास	सारण जिला (सोनपुर मेला) (संस्कृति एवं विरासत)	24.29	2.43	कार्यान्वयन के चरण में

(iv) बिहार राज्य में तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के अंतर्गत संस्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	स्वीकृत राशि	जारी/प्राधिकृत राशि	उपयोग की गई राशि	भौतिक स्थिति
1.	पटना साहिब का विकास	2015-16	29.62	29.62	29.62	पूर्ण
2.	विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास	2014-15	3.63	3.63	3.63	पूर्ण
3.	अंबिका भवानी मंदिर, सारण का विकास	2024-25	13.29	--	--	कार्यान्वयन के चरण में

*****